C.I.S.F. (AC) L.D.C. EXAM: 2014

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

T.B.C. : B–DJTG–N–GAIPS

Test Booklet Series

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL ABILITY, INTELLIGENCE AND PROFESSIONAL SKILLS

*Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes*

*Maximum Marks : 300*

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series Code A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission / discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response, which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. There is no negative marking for wrong answers.
11. This Test Booklet consists of **Two Parts**. **Part-A** deals with **General Ability and Intelligence** and consists of **75** questions. **Part-B** deals with **Professional Skills** and consists of **75** questions. All **150** questions are to be answered.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## PART—A

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

1. Six boys A, B, C, D, E and F play a game of cards. Each has a pack of 10 cards. F borrows 2 cards from A and gives away 5 to C who in turn gives 3 to B while B gives 6 to D who passes on 1 to E. Then the number of cards possessed by D and E is equal to number of cards possessed by :
   (a) A, B and C
   (b) B, C and F
   (c) A, B and F
   (d) A, C and F

2. What is 'X' in the following table ?

| | | |
|---|---|---|
| 21 | 19 | 16 |
| 9 | 7 | 14 |
| 10 | 14 | X |

   (a) 8
   (b) 9
   (c) 10
   (d) 11

3. In the series 2, 3, 6, 18, 108, X what is 'X' equal to ?
   (a) 1234
   (b) 354
   (c) 2036
   (d) 1944

4. Consider the following :

| | | |
|---|---|---|
| | 5 | |
| 6 | 63 | 3 |
| | 8 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 2 | |
| 3 | 41 | 7 |
| | 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 6 | |
| 8 | X | 7 |
| | 5 | |

What is 'X' in the above figure ?
   (a) 86
   (b) 83
   (c) 82
   (d) 26

5. There are five houses A, B, C, D, E in a row. A is on the right side of B and left side of C. E is on the right side of A, B is on right side of D. Which house is in the middle ?
   (a) C
   (b) A
   (c) B
   (d) D

6. Ram is facing North-West. He turns in clockwise direction by 90° and travels 80 m straight, then he turns 180° in the anticlockwise direction and travels 160 m straight and then another 90° in anticlockwise direction and travels 60 m straight. In which direction is he facing now and at how much distance from his starting point ?
   (a) South-West and at 100 m
   (b) South-East and at 100 m
   (c) South-West and at $120\sqrt{17}$ m
   (d) North-West and at $120\sqrt{17}$ m

7. In the series 52, 61, 97, 118, 166, 193 which term does ***not*** belong to the series ?
   (a) 97
   (b) 166
   (c) 52
   (d) 118

8. How many of the 2-digit numbers, that can be formed by using the digits 1, 2, 3, ........, 9 without repeating any digit, are divisible by 4 ?
   (a) 36
   (b) 20
   (c) 16
   (d) None of the above



(Contd.)

## भाग—A

## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

1. छह बालक A, B, C, D, E और F ताश का खेल खेलते हैं। प्रत्येक की गड्डी में दस ताश हैं। F, A से दो ताश लेता है और C को 5 ताश देता है, जो बदले में B को 3 ताश देता है, जबकि B, D को 6 ताश देता है जो E को 1 ताश हस्तान्तरित करता है। तब D और E के पास ताशों की संख्या, किनके पास की ताशों की संख्या के समान है ?
(a) A, B और C
(b) B, C और F
(c) A, B और F
(d) A, C और F

2. नीचे दी गई तालिका में 'X' क्या है ?

| | | |
|---|---|---|
| 21 | 19 | 16 |
| 9 | 7 | 14 |
| 10 | 14 | X |

(a) 8
(b) 9
(c) 10
(d) 11

3. श्रेणी 2, 3, 6, 18, 108, X में 'X' किसके बराबर है ?
(a) 1234
(b) 354
(c) 2036
(d) 1944

4. निम्नांकित पर विचार कीजिये :

| | | |
|---|---|---|
| | 5 | |
| 6 | 63 | 3 |
| | 8 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 2 | |
| 3 | 41 | 7 |
| | 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 6 | |
| 8 | X | 7 |
| | 5 | |

उपर्युक्त चित्र में 'X' क्या है ?
(a) 86
(b) 83
(c) 82
(d) 26

5. A, B; C, D, E, एक पंक्ति के पाँच घर हैं। A, B की दांयी ओर है तथा C की बांयी ओर है। E, A की दांयी ओर है; B, D की दांयी ओर है। मध्य में कौनसा घर है ?
(a) C
(b) A
(c) B
(d) D

6. राम का मुँह उत्तर-पश्चिम की ओर है। वह दक्षिणावर्त दिशा में 90° घूमकर 80 मीटर सीधे चलता है, तब वह 180° वामावर्त दिशा में घूमकर 160 मीटर सीधे चलकर पुन: 90° वामावर्त दिशा में घूमकर 60 मीटर सीधे चलता है। अब उसका मुँह किस दिशा में है और वह अपने प्रारंभिक स्थान से कितनी दूरी पर है ?
(a) दक्षिण-पश्चिम और 100 मीटर
(b) दक्षिण-पूर्व और 100 मीटर
(c) दक्षिण-पश्चिम और $120\sqrt{17}$ मीटर
(d) उत्तर-पश्चिम और $120\sqrt{17}$ मीटर

7. श्रेणी 52, 61, 97, 118, 166, 193 में कौनसा पद इस श्रेणी का ***नहीं*** है ?
(a) 97
(b) 166
(c) 52
(d) 118

8. 1, 2, 3, ......., 9 अंकों को, किसी अंक को बिना दोहराते हुए, प्रयोग कर दो-अंकों वाली ऐसी कितनी संख्याएं बनाई जा सकती हैं जो कि 4 से भाज्य हों ?
(a) 36
(b) 20
(c) 16
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं



(Contd.)

9. Out of three married couples, 2 are doctors, 2 are engineers and 2 are lawyers. They are Mr. and Mrs. Singh, Mr. and Mrs. Rajan, Mr. and Mrs. Nayak. Husband and wife have different professions. No woman is an engineer. Mr. Rajan is a lawyer. Which of the following statements is/are correct ?

   1. Mrs. Rajan is a doctor
   2. Mrs. Nayak and Mrs. Singh have the same profession

   Select the correct answer using the code given below :

   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

10. Gopal bought a cell phone and sold it to Ram at 10% profit. Then Ram wanted to sell it back to Gopal at 10% loss. What will be Gopal's position if he agreed ?

   (a) Gain 1%
   (b) Neither loss nor gain
   (c) Gain 2%
   (d) Loss 1%

11. If 2 boys and 2 girls are to be arranged in a row so that the girls are not next to each other, how many possible arrangements are there ?

   (a) 6
   (b) 12
   (c) 24
   (d) None of the above

12. Amongst the following years, which is the odd one out ?


   (a) 2000
   (b) 2040
   (c) 2080
   (d) 2100


13. All six faces of a cube are painted in the same colour. The cube is cut up into 27 equal cubes by slicing parallel to the faces. Which of the following statements is ***not*** correct about the small cubes ?


   (a) There is at least one with no painted face
   (b) There is none with more than 3 painted faces
   (c) There are 8 with exactly two painted faces
   (d) There are less than 10 with only one painted face

14. Which of the following figures is appropriate for the sets 'herbivore', 'mammal' and 'domestic' ?

   (a) 

   (b) 

   (c) 

   (d) 

15. A selection test consists of two parts, A and B. 75% of the candidates cleared part A and 60% cleared part B. 20% failed to clear either. What is the percentage of candidates who cleared one of the parts but failed to clear the other ?

   (a) 25%
   (b) 30%
   (c) 20%
   (d) More information is needed



(Contd.)

9. तीन विवाहित दम्पत्तियों में 2 चिकित्सक हैं, 2 इंजीनियर हैं तथा 2 वकील हैं। वे श्री और श्रीमती सिंह, श्री और श्रीमती राजन, श्री और श्रीमती नायक हैं। पति और पत्नी के व्यवसाय भिन्न हैं। कोई भी स्त्री इंजीनियर नहीं है। श्री राजन वकील हैं। निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. श्रीमती राजन चिकित्सक हैं
2. श्रीमती नायक और श्रीमती सिंह के व्यवसाय समान हैं

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

10. गोपाल ने एक सेल-फोन खरीदा और राम को 10% लाभ पर बेच दिया। तब राम ने इसे गोपाल को 10% हानि पर वापिस बेचना चाहा। गोपाल के सहमत होने पर उसकी स्थिति क्या होगी ?

(a) 1% लाभ
(b) न तो लाभ न ही हानि
(c) 2% लाभ
(d) 1% हानि

11. यदि 2 बालक और 2 बालिकाओं को एक कतार में इस प्रकार व्यवस्थित किया जाए कि बालिकायें साथ-साथ न हों, तो संभव व्यवस्थाओं की कुल संख्या क्या है ?

(a) 6
(b) 12
(c) 24
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं


12. निम्नलिखित में कौनसा एक वर्ष अन्यों से विषम है ?


(a) 2000
(b) 2040
(c) 2080
(d) 2100


13. किसी घन के सभी छह पृष्ठ एक ही रंग से प्रलेपित हैं। इस घन को पृष्ठों के समांतर स्लाइस कर 27 समान घनों में काटा गया है। छोटे घनों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में कौनसा सही ***नहीं*** है ?


(a) कम से कम एक घन ऐसा है जिसका कोई भी पृष्ठ प्रलेपित नहीं है
(b) ऐसा कोई घन नहीं है जिसके तीन से अधिक पृष्ठ प्रलेपित हों
(c) यथार्थत: दो प्रलेपित पृष्ठ वाले 8 घन हैं
(d) केवल एक प्रलेपित पृष्ठ वाले घन 10 से कम हैं

14. निम्नांकित चित्रों में कौनसा 'शाकाहार', 'स्तनधारी', और 'पालतू' समुच्चयों के लिए उपयुक्त है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

15. किसी चयन परीक्षण के दो भाग A और B हैं। 75% अभ्यर्थी भाग A में सफल हुए और 60% अभ्यर्थी भाग B में सफल हुए। 20% दोनों में असफल रहे। कितने प्रतिशत अभ्यर्थी किसी एक भाग में सफल हुए परन्तु दूसरे भाग में असफल हुए ?

(a) 25%
(b) 30%
(c) 20%
(d) अधिक सूचना आवश्यक है



(Contd.)

16. Three places A, B and C form an equilateral triangle with side 60 km. A man drives from A to B at 20 km/hr, then from B to C at 30 km/hr and finally from C to A at 15 km/hr. What is his average speed for the whole trip ?
   (a) 20 km/hr
   (b) 24 km/hr
   (c) $21\frac{2}{3}$ km/hr
   (d) 25 km/hr

17. A TV set costs twice as much as a washing machine, which costs twice as much as a mobile phone. Radha bought 2 mobile phones, a washing machine and a TV set. Meera bought a mobile phone, a washing machine and 2 TV sets. If Meera's bill was Rs. 18,000 more than Radha's bill, which of the following statements is ***not*** correct ?
   (a) Washing machine costs Rs. 12,000
   (b) TV set and mobile phone together cost Rs. 30,000
   (c) TV set costs Rs. 20,000 more than washing machine
   (d) TV set costs Rs. 18,000 more than mobile phone

18. Which is the odd one out ?
   (a) 361
   (b) 289
   (c) 225
   (d) 196

19. Which is the odd one out ?
   (a) ZAYBX
   (b) WFVEU
   (c) TGSHR
   (d) UFTGS

20. 'A' has twice as much money as 'B', who has 50 rupees more than 'C'. If 'A' has 200 rupees more than 'C', then which one of the following statements is ***not*** correct ?
   (a) A, B and C have a total of Rs. 550
   (b) A and B have a total of Rs. 450
   (c) B has Rs. 100 less than A
   (d) B and C have a total of Rs. 250

21. 3 oranges and 4 bananas cost Rs. 36, and for Rs. 5 more you can get 4 oranges and 3 bananas. How much do 5 oranges and 5 bananas cost ?
   (a) Rs. 55
   (b) Rs. 60
   (c) Rs. 54
   (d) Rs. 56

22. 6 men and 5 women can complete a task in 3 days. If a man can do it in 36 days, how long will a woman take to do it ?
   (a) 42 days
   (b) 30 days
   (c) 36 days
   (d) 35 days

23. What is the last digit of the number $3^{99} - 3^{50}$ ?
   (a) 2
   (b) 8
   (c) 0
   (d) 1

24. Which one of the following numbers is exactly divisible by 99 ?
   (a) 42767
   (b) 31781
   (c) 21187
   (d) 53658

25. Given a + b + c + d = 116, a : b = 5 : 7, b : c = 3 : 5, c : d = 7 : 9. If a, b, c, d are whole numbers, what is the difference between the largest number and the smallest number ?
   (a) 22
   (b) 31
   (c) 30
   (d) 26

26. Sum of two different positive integers is 11 and the sum of their squares is 61. What is the ratio of larger integer to the smaller integer ?
   (a) 3 : 2
   (b) 6 : 5
   (c) 5 : 2
   (d) 7 : 6



(Contd.)

16. तीन स्थान A, B और C एक समबाहु त्रिभुज बनाते हैं, जिसकी भुजा 60 km है। कोई व्यक्ति कार द्वारा A से B की ओर 20 km/hr, फिर B से C की ओर 30 km/hr तथा अन्त में C से A की ओर 15 km/hr की चाल से चलता है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल क्या थी ?
    (a) 20 km/hr
    (b) 24 km/hr
    (c) $21\frac{2}{3}$ km/hr
    (d) 25 km/hr

17. किसी TV सेट की लागत वाशिंग मशीन की लागत से दो गुनी है। वाशिंग मशीन की लागत मोबाइल फोन की लागत से दो गुनी है। राधा ने 2 मोबाइल फोन, एक वाशिंग मशीन और एक TV सेट खरीदा। मीरा ने एक मोबाइल फोन, एक वाशिंग मशीन और 2 TV सेट खरीदे। यदि राधा के बिल से मीरा का बिल 18,000 रु. अधिक हो, तो निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सही ***नहीं*** है ?
    (a) वाशिंग मशीन की लागत 12,000 रु. है
    (b) TV सेट और मोबाइल फोन दोनों की लागत 30,000 रु. है
    (c) TV सेट की लागत वाशिंग मशीन की लागत से 20,000 रु. अधिक है
    (d) TV सेट की लागत मोबाइल फोन की लागत से 18,000 रु. अधिक है

18. निम्नलिखित में कौनसा एक, अन्यों से विषम है ?
    (a) 361
    (b) 289
    (c) 225
    (d) 196

19. निम्नलिखित में कौनसा एक, अन्यों से विषम है ?
    (a) ZAYBX
    (b) WFVEU
    (c) TGSHR
    (d) UFTGS

20. 'A' के पास 'B' की अपेक्षा दो गुने रुपये हैं। 'B' के पास 'C' की अपेक्षा 50 रुपये अधिक हैं। यदि 'A' के पास 'C' की अपेक्षा 200 रुपये अधिक हों, तो निम्नलिखित कथनों में कौनसा सही ***नहीं*** है ?
    (a) A, B और C के पास कुल 550 रुपये हैं
    (b) A और B के पास कुल 450 रुपये हैं
    (c) B के पास A से 100 रुपये कम हैं
    (d) B और C के पास कुल 250 रुपये हैं

21. 3 संतरे और 4 केलों की लागत 36 रु. है और 5 रुपये अधिक होने पर 4 संतरे और 3 केले खरीदे जा सकते हैं। 5 संतरों और 5 केलों की लागत क्या है ?
    (a) 55 रुपये
    (b) 60 रुपये
    (c) 54 रुपये
    (d) 56 रुपये

22. 6 पुरुष और 5 स्त्रियां किसी कार्य को 3 दिनों में पूरा करते हैं। यदि एक पुरुष इस कार्य को 36 दिनों में पूरा कर सकता है, तो एक स्त्री इसको करने में कितना समय लेगी ?
    (a) 42 दिन
    (b) 30 दिन
    (c) 36 दिन
    (d) 35 दिन

23. संख्या $3^{99} - 3^{50}$ का अंतिम अंक क्या है ?
    (a) 2
    (b) 8
    (c) 0
    (d) 1

24. निम्नलिखित संख्याओं में कौनसी एक, 99 से ठीक-ठीक विभाजित होती है ?
    (a) 42767
    (b) 31781
    (c) 21187
    (d) 53658

25. दिया गया है कि $a + b + c + d = 116$, $a : b = 5 : 7$, $b : c = 3 : 5$, $c : d = 7 : 9$ हैं। यदि a, b, c और d पूर्ण संख्याएं हैं, तो सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या के बीच अंतर क्या है ?
    (a) 22
    (b) 31
    (c) 30
    (d) 26

26. किन्हीं दो विभिन्न धन पूर्ण संख्याओं का योग 11 है और उनके वर्गों का योग 61 है। इनमें बड़ी पूर्ण संख्या का छोटी पूर्ण संख्या से अनुपात क्या है ?
    (a) 3 : 2
    (b) 6 : 5
    (c) 5 : 2
    (d) 7 : 6



(Contd.)

27. A watermelon is cut into two pieces in the ratio 4 : 5 by weight. Then the larger piece is cut into two pieces in the ratio 7 : 8 by weight. Out of three pieces what is the ratio of the weight of the largest piece to that of smallest piece ?
(a) 6 : 5
(b) 12 : 5
(c) 12 : 7
(d) 8 : 3

28. The HCF and LCM of two positive integers are 35 and 385 respectively. If one of the integers is 77, what is the other integer ?
(a) 350
(b) 210
(c) 175
(d) None of the above

29. How many zeros appear at the right end of the number 25 × 30 × 35 × 40 × 45 × 50 × 55 × 60 ?
(a) 6
(b) 4
(c) 7
(d) 5

30. Which one of the following is different from the rest three ?
(a) Cylinder
(b) Hemisphere
(c) Cone
(d) Sphere

31. The Miniature Unmanned Aerial Vehicle (MUAV) designed specially for anti-terrorist and counter insurgency operations by Defence Research and Development Organization (DRDO) which will be available for the use in the field is :
(a) Jyoti
(b) Netra
(c) Chakshu
(d) Nayan

32. The bulk of iron in the human body is in :
(a) Bones
(b) Blood
(c) Teeth
(d) Liver

33. EEG is an index of functioning of :
(a) Heart
(b) Brain
(c) Liver
(d) Kidney

34. Indigo, available in India since ancient times and used for colouring blue jeans, is a :
(a) Mineral paint
(b) Herbal paint
(c) Synthetic paint
(d) Metallic paint

35. The chemical(s) most commonly used for cloud seeding or for the artificial rain is/are :
(a) Silver iodide
(b) Silver chloride
(c) Silver bromide
(d) All of the above

36. Which one of the following sources is the best source of monochromatic light ?
(a) A bulb
(b) A fluorescent tube
(c) A sodium lamp
(d) A semiconductor laser

37. The only snake which builds a nest is :
(a) King Cobra
(b) Viper
(c) Krait
(d) Python

38. Energy stored in a choke is in the form of :
(a) Magnetic energy
(b) Heat energy
(c) Electrical energy
(d) None of the above

39. Which one among the following radioactive substances has maximum half-life period ?
(a) Carbon-14
(b) Plutonium-239
(c) Radium-226
(d) Uranium-238

27. किसी तरबूज को भार के 4 : 5 के अनुपात में दो खंडों में काटा गया है। तब इनमें से बड़े खंड को भार के 7 : 8 के अनुपात में दो खंडों में काटा गया है। इन तीनों खंडों में से सबसे बड़े तथा सबसे छोटे खंड के भारों में क्या अनुपात होगा ?
(a) 6 : 5
(b) 12 : 5
(c) 12 : 7
(d) 8 : 3

28. किन्हीं दो धन पूर्ण संख्याओं के HCF और LCM क्रमशः 35 और 385 हैं। यदि एक पूर्ण संख्या 77 है तो दूसरी पूर्ण संख्या क्या होगी ?
(a) 350
(b) 210
(c) 175
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. संख्या 25 × 30 × 35 × 40 × 45 × 50 × 55 × 60 के दाहिने सिरे पर कितने शून्य होंगे ?
(a) 6
(b) 4
(c) 7
(d) 5

30. निम्नलिखित में कौनसा एक, शेष तीन से भिन्न है ?
(a) बेलन
(b) अर्द्धगोला
(c) शंकु
(d) गोला

31. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान (DRDO) द्वारा आंतक रोधी एवं विद्रोह प्रतिकारी प्रचालनों के लिए विशिष्ट रूप से अभिकल्पित लघु मानवरहित आकाशी यान (MUAV) का, जो क्षेत्र में उपयोग के लिए उपलब्ध होगा, नाम क्या है ?
(a) ज्योति
(b) नेत्र
(c) चक्षु
(d) नयन

32. मानव शरीर में लोह का पुंज किसमें है ?
(a) अस्थि
(b) रक्त
(c) दन्त
(d) यकृत

33. EEG किसके कार्य का सूचक है ?
(a) हृदय
(b) मस्तिष्क
(c) यकृत
(d) वृक्क

34. भारत में प्राचीन काल से उपलब्ध और सूती कपड़ों को रंगने में प्रयुक्त नील क्या है ?
(a) खनिज रंगलेप
(b) वनस्पति रंगलेप
(c) संश्लिष्ट रंगलेप
(d) धात्विक रंगलेप

35. मेघ बीजन अथवा कृत्रिम वर्षा के लिए सर्वाधिक आमतौर पर प्रयुक्त रसायन कौनसा/से है/हैं ?
(a) सिल्वर आयोडाइड
(b) सिल्वर क्लोराइड
(c) सिल्वर ब्रोमाइड
(d) उपर्युक्त सभी

36. निम्नलिखित स्रोतों में से कौनसा एक, एकवर्णीय प्रकाश का सर्वोत्तम स्रोत है ?
(a) बल्ब
(b) प्रतिदीप्ति नलिका
(c) सोडियम लैम्प
(d) अर्धचालक लेसर

37. घोंसला बनाने वाला एकमात्र साँप कौनसा है ?
(a) किंग कोबरा
(b) वाइपर
(c) करैट
(d) पाइथॉन

38. चोक में संग्रहित ऊर्जा किस रूप में होती है ?
(a) चुंबकीय ऊर्जा
(b) ऊष्मीय ऊर्जा
(c) विद्युत ऊर्जा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. निम्नलिखित रेडियोएक्टिव पदार्थों में से किसकी अर्ध-आयु अधिकतम है ?
(a) कार्बन-14
(b) प्लूटोनियम-239
(c) रेडियम-226
(d) यूरेनियम-238


(Contd.)

40. The stars when observed from the Earth appear to twinkle because :
   (a) They do not emit the same intensity of light continuously
   (b) The star-light is absorbed frequently by their own atmosphere
   (c) The star-light is absorbed frequently in interstellar space
   (d) None of the above

41. Which one of the following is a renewable source of energy ?
   (a) Natural gas
   (b) Wind energy
   (c) Nuclear energy
   (d) Petroleum

42. The gas which is released from landfills and dumpsites in urban areas is :
   (a) Oxygen
   (b) Methane
   (c) Nitrogen
   (d) Carbon dioxide

43. The compound used as a preservative in food products such as tomato ketchup and fruit juices is :
   (a) Sodium acetate
   (b) Sodium benzoate
   (c) Formic acid
   (d) Sodium salicylate

44. Which one of the following diseases is ***not*** caused by virus ?
   (a) Dengue
   (b) Influenza
   (c) Measles
   (d) Scabies

45. The time taken by light to travel from Sun to Earth is approximately :
   (a) 8 hours
   (b) 8 minutes
   (c) 8 seconds
   (d) 16 seconds

46. Which one of the following States is well known as a major salt producer ?
   (a) Andhra Pradesh
   (b) Karnataka
   (c) Gujarat
   (d) Odisha

47. Among the following pairs of States which have good capacity to produce iron ore ?
   (a) Bihar and West Bengal
   (b) Goa and Karnataka
   (c) Gujarat and Rajasthan
   (d) Punjab and Haryana

48. Recently which one among the following broke up into two separate and independent countries, but soon fell into war with each other ?
   (a) Angola
   (b) Nigeria
   (c) Sudan
   (d) Tanzania

49. Which one of the following National Highways passes through Central India from North to South ?
   (a) NH 4
   (b) NH 5
   (c) NH 6
   (d) NH 7

50. Consider the following pairs :
   1. Loktak National Park - Manipur
   2. Namdhapa National Park - Meghalaya
   3. Valley of Flowers National Park - Sikkim

   Which of the pairs given above is/are correctly matched ?
   (a) 1 only
   (b) 2 and 3 only
   (c) 1 and 3 only
   (d) 1, 2 and 3

51. Consider the following places :
   1. Bhimbetka
   2. Badami
   3. Khajuraho

   At which of the above places are pre-historic cave paintings found ?
   (a) 1 only
   (b) 2 and 3 only
   (c) 1 and 3 only
   (d) 1, 2 and 3

40. पृथ्वी से देखने पर तारे टिमटिमाते हुए प्रतीत होते हैं, क्योंकि :
   (a) वे सतत् रूप में समान तीव्रता का प्रकाश उत्सर्जित नहीं करते
   (b) तारों का प्रकाश उनके अपने वायुमंडल में बहुधा अवशोषित हो जाता है
   (c) तारों का प्रकाश अंतरातारकीय आकाश में बहुधा अवशोषित हो जाता है
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. निम्नलिखित में से कौनसा एक ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है ?
   (a) प्राकृतिक गैस
   (b) पवन ऊर्जा
   (c) नाभिकीय ऊर्जा
   (d) पैट्रोलियम

42. शहरी क्षेत्रों में भराई स्थलों तथा घूरा स्थलों से निर्मुक्त होने वाली गैस कौनसी है ?
   (a) ऑक्सीजन
   (b) मेथेन
   (c) नाइट्रोजन
   (d) कार्बन डाइऑक्साइड

43. टमाटर की चटनी और फलों के रस जैसे खाद्य पदार्थों में परिरक्षक के रूप में प्रयुक्त होने वाला यौगिक क्या है ?
   (a) सोडियम ऐसीटेट
   (b) सोडियम बैंजोएट
   (c) फार्मिक अम्ल
   (d) सोडियम सैलिसिलेट

44. निम्नलिखित रोगों में से किसका कारक वाइरस *नहीं* है ?
   (a) डेंगू
   (b) इंफ्लुएंजा
   (c) खसरा
   (d) स्केबीज़

45. सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश को पहुँचने में लगभग कितना समय लगता है ?
   (a) 8 घंटा
   (b) 8 मिनट
   (c) 8 सेकंड
   (d) 16 सेकंड

46. निम्नलिखित राज्यों में से कौनसा एक, प्रमुख नमक उत्पादक के रूप में सुप्रसिद्ध है ?
   (a) आंध्र प्रदेश
   (b) कर्नाटक
   (c) गुजरात
   (d) ओडीशा

47. राज्यों के निम्नलिखित युग्मों में से किसमें लोह अयस्क उत्पादन की अच्छी क्षमता है ?
   (a) बिहार और पश्चिम बंगाल
   (b) गोवा और कर्नाटक
   (c) गुजरात और राजस्थान
   (d) पंजाब और हरियाणा

48. निम्नलिखित में से कौनसा एक, अभी हाल में दो पृथक और स्वतन्त्र देशों में टूटा, परन्तु शीघ्र ही उनके बीच युद्ध शुरू हो गया ?
   (a) अंगोला
   (b) नाइजीरिया
   (c) सूडान
   (d) तंजानिया

49. निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों में से कौनसा एक, उत्तर से दक्षिण की ओर मध्य भारत से होकर गुजरता है ?
   (a) NH 4
   (b) NH 5
   (c) NH 6
   (d) NH 7

50. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :
   1. लोकटक राष्ट्रीय पार्क - मणिपुर
   2. नम्धापा राष्ट्रीय पार्क - मेघालय
   3. फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क - सिक्किम

   ऊपर दिये गये युग्मों में से कौनसा/से सही सुमेलित है/हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित स्थानों पर विचार कीजिये :
   1. भीमबेटका
   2. बदामी
   3. खजुराहो

   उपर्युक्त में से कौनसे स्थान पर प्रागैतिहासिक गुफा चित्र मिलते हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

52. In which of the following States are the famous 'Living Root Bridges' found ?
(a) Arunachal Pradesh
(b) Himachal Pradesh
(c) Kerala
(d) Meghalaya

53. Consider the following pairs :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Rumtek monastery | - Sikkim |
| 2. | Tabo monastery | - Arunachal Pradesh |
| 3. | Tawang monastery | - Himachal Pradesh |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

54. Consider the following rivers :
1. Sankosh
2. Amochu
3. Subarnarekha
4. Jia Bhorelli

Which of the above is/are tributary/ tributaries to Brahmaputra ?
(a) 1, 2 and 3
(b) 1 only
(c) 2, 3 and 4
(d) 1, 2 and 4

55. Which one of the following is India's first indigenously built nuclear-powered submarine ?
(a) INS Arihant
(b) INS Sindhuratna
(c) INS Chakra
(d) INS Shankush

56. Consider the following pairs :

| Saint | Philosophy/School of thought |
|---|---|
| 1. Nagarjuna | Shunyavada |
| 2. Ramanuja | Anekantavada |
| 3. Shankaracharya | Advaita |

Which of the above pairs is/are correctly matched ?
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

57. The "Polavaram Project", a multi-purpose interstate irrigation project, often in news, is on river :
(a) Cauvery
(b) Godavari
(c) Krishna
(d) Mahanadi

58. Sometimes, Mc Mahon line is mentioned in the context of relations between India and :
(a) Bangladesh
(b) China
(c) Myanmar
(d) Nepal

59. In the context of defence equipment/ system, what are MANPADs ?
(a) Shoulder-launched surface-to-air missiles
(b) Infra-red based night vision devices
(c) Unmanned aircraft
(d) Nuclear powered submarines

60. We often find the term 'Goldilocks Zone' in news. It is mentioned in the context of :
(a) The identification of earth-like planets in the universe
(b) The use of wireless short distance communication
(c) Minimum distance required between Earth and any artificial satellite revolving around it
(d) None of the above

61. The Parliament of India consists of :
(a) Lok Sabha and Rajya Sabha only
(b) Lok Sabha and Rajya Sabha and Planning Commission
(c) The President of India, Lok Sabha and Rajya Sabha
(d) The Cabinet Secretariat, Lok Sabha and Rajya Sabha

62. The Judges of a High Court of a State in India are appointed by :
(a) The President of India
(b) The Chief Justice of India
(c) The Governor of the State
(d) The Law Commission



(Contd.)

52. निम्नलिखित राज्यों में से कहाँ पर प्रसिद्ध 'जीवित मूल पुल' पाये जाते हैं ?
(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) केरल
(d) मेघालय

53. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :
1. रूमटेक मठ - सिक्किम
2. ताबो मठ - अरुणाचल प्रदेश
3. तवांग मठ - हिमाचल प्रदेश
ऊपर दिये गये युग्मों में से कौनसा/से सही सुमेलित है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित नदियों पर विचार कीजिये :
1. संकोश
2. अमोचु
3. सुवर्णरेखा
4. जिया भोरेली
उपर्युक्त में से कौनसी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी/नदियां है/हैं ?
(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 4

55. निम्नलिखित में से कौनसी एक, भारत में बनी पहली देशज नाभिकीय-शक्ति चालित पनडुब्बी हैं ?
(a) INS अरिहंत
(b) INS सिंधुरत्न
(c) INS चक्र
(d) INS शंकुश

56. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| संत | दर्शन/विचार संप्रदाय |
|---|---|
| 1. नागार्जुन | शून्यवाद |
| 2. रामानुज | अनेकांतवाद |
| 3. शंकराचार्य | अद्वैत |

उपर्युक्त युग्मों में कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

57. प्राय: समाचारों में आने वाली बहुउद्देश्यीय अन्तरराज्यीय सिंचाई परियोजना, 'पोलावरम् परियोजना' किस नदी पर है ?
(a) कावेरी
(b) गोदावरी
(c) कृष्णा
(d) महानदी

58. मैक मोहन रेखा का उल्लेख यदा-कदा किसके साथ भारत के सम्बन्ध के सन्दर्भ में किया जाता है ?
(a) बांग्लादेश
(b) चीन
(c) म्यांमार
(d) नेपाल

59. रक्षा उपकरण प्रणाली के संदर्भ में MANPADs क्या हैं ?
(a) स्कंध-प्रमोचित धरातल से वायु में मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र
(b) अवरक्त आधारित रात्रि-दृष्टि युक्तियां
(c) मानवरहित वायुयान
(d) नाभिकीय शक्ति चालित पनडुब्बियां

60. पद 'गोल्डीलोक्स ज़ोन' प्राय: समाचारों में आता है। इसका उल्लेख किस प्रसंग में किया जाता है ?
(a) ब्रह्मांड में पृथ्वी-जैसे ग्रहों की पहचान
(b) लघु दूरी बेतार संचार का उपयोग
(c) पृथ्वी और इसके चारों ओर परिक्रमण करने वाले किसी कृत्रिम उपग्रह के मध्य आवश्यक न्यूनतम दूरी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. भारत की संसद किनसे मिलकर बनती है ?
(a) केवल लोकसभा और राज्यसभा
(b) लोकसभा, राज्यसभा और योजना आयोग
(c) भारत का राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा
(d) केबिनेट सचिवालय, लोकसभा और राज्यसभा

62. भारत के किसी राज्य में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश किसके द्वारा नियुक्त किये जाते हैं ?
(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति
(c) राज्य का राज्यपाल
(d) विधि आयोग


(Contd.)

63. The Planning Commission is headed by :
(a) The President of India
(b) The Prime Minister of India
(c) Union Finance Minister
(d) Any Minister nominated by the Prime Minister

64. Consider the following statements :
1. The Panchayati Raj is a four-tier system of administration.
2. Under the Panchayati Raj System, Panchayat Samiti is the first-tier of administration.

Which of the above statements is/are correct ?
(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

65. Who of the following is the Chairman of the Fourteenth Finance Commission ?
(a) C Rangarajan
(b) Duvvuri Subba Rao
(c) Vijay Kelkar
(d) Y V Reddy

66. Consider the following :
1. Right to freedom of speech and expression
2. Right to property
3. Right to education

As per the Constitution of India, which of the above is/are fundamental rights ?
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

67. Which of the following is/are the Constitutional Bodies in India ?
1. Central Information Commission
2. Election Commission
3. Reserve Bank of India
4. University Grants Commission

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 3
(b) 2 only
(c) 3 and 4 only
(d) 2, 3 and 4

68. The term 'Repo Rate' sometimes found in news is related to :
(a) Banking system
(b) Demographic trends
(c) Foreign trade
(d) Human fertility

69. Which of the following are the subjects in the 'Concurrent List' under the Seventh Schedule of the Constitution of India ?
1. Citizenship
2. Economic and Social Planning
3. Trade Unions; Industrial and Labour Disputes

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

70. In the aftermath of the Partition of Bengal, the Swadeshi and Boycott movement was organized in different parts of India. Who of the following is well known to have led this movement in Tamilnadu ?
(a) C Rajagopalachari
(b) Chidambaram Pillai
(c) E V Ramasami Naicker
(d) Sarojini Naidu

71. With reference to the period of Indian freedom struggle, the term 'Surat Split' refers to the affairs of :
(a) Indian National Congress
(b) Muslim League
(c) Hindu Mahasabha
(d) Swaraj Party

72. Who of the following founded the 'All India Village Industries Association' ?
(a) Pherozshah Mehta
(b) Jyotiba Phule
(c) Mahatma Gandhi
(d) Vinoba Bhave

73. Who among the following put before the British the facts and figures illustrating systematic bleeding of the wealth and resources of India as a result of British rule, and pointed out the impact of this drain in Indian economy ?
(a) Bhikaji Cama
(b) Dadabhai Naoroji
(c) Gopal Krishna Gokhale
(d) Mahadev Govind Ranade



(Contd.)

63. योजना आयोग का प्रधान कौन होता है ?
(a) भारत का राष्ट्रपति
(b) भारत का प्रधानमंत्री
(c) संघ का वित्त मंत्री
(d) प्रधानमंत्री द्वारा नाम-निर्दिष्ट कोई मंत्री

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. पंचायती राज चार-स्तरीय प्रशासन-व्यवस्था है।
2. पंचायत राज व्यवस्था के अंतर्गत, पंचायत समिति प्रशासन का प्रथम स्तर है।
उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

65. 14 वें वित्त आयोग का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था ?
(a) सी रंगराजन
(b) दुव्वुरि सुब्बाराव
(c) विजय केलकर
(d) वाई वी रेड्डी

66. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :
1. वाक्-स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार
2. संपत्ति का अधिकार
3. शिक्षा का अधिकार
भारत के संविधान के अनुसार, उपर्युक्त में से कौन-सा/से मूल अधिकार है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

67. भारत में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सांविधानिक निकाय है/हैं ?
1. केन्द्रीय सूचना आयोग
2. निर्वाचन आयोग
3. भारतीय रिज़र्व बैंक
4. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 3 और 4
(d) 2, 3 और 4

68. कभी-कभी समाचारों में आने वाला शब्द 'रेपो रेट' किससे संबंधित है ?
(a) बैंकिंग प्रणाली
(b) जनांकिकीय प्रवृत्ति
(c) विदेश व्यापार
(d) मानव प्रजनन-शक्ति

69. भारत के संविधान की 'सातवीं अनुसूची' के अंतर्गत 'समवर्ती सूची' में निम्नलिखित में से कौनसे विषय हैं ?
1. नागरिकता
2. आर्थिक एवं सामाजिक योजना
3. ट्रेड यूनियन, औद्योगिक और श्रम-विवाद
नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

70. बंगाल के विभाजन के परिणामस्वरूप, भारत के विभिन्न हिस्सों में स्वदेशी और बहिष्कार-आंदोलन आयोजित किया गया था। निम्नलिखित में से कौनसा एक व्यक्ति तमिलनाडु में इस आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए सुख्यात है ?
(a) सी राजगोपालाचारी
(b) चिदंबरम् पिल्लै
(c) ई वी रामास्वामी नायकर
(d) सरोजिनी नायडू

71. भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम के संदर्भ में 'सूरत विभाजन' शब्द किसके कार्य को निर्दिष्ट करता है ?
(a) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(b) मुस्लिम लीग
(c) हिन्दू महासभा
(d) स्वराज पार्टी

72. 'अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की ?
(a) फीरोज़शाह मेहता
(b) ज्योतिबा फुले
(c) महात्मा गांधी
(d) विनोबा भावे

73. निम्नलिखित में से किसने ब्रिटिश सरकार के सामने ब्रिटिश शासन के परिणामस्वरूप भारत की संपत्ति और संसाधनों के सुयोजित निःस्रवण के तथ्य और आंकड़े रखे और भारतीय अर्थ-व्यवस्था पर इस अपवाह के परिणामों की ओर इंगित किया ?
(a) भीकाजी कामा
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) गोपाल कृष्ण गोखले
(d) महादेव गोविंद रानडे

74. Consider the following pairs :

| Freedom Fighter | Well known for |
|---|---|
| 1. Annie Besant | Home Rule Movement |
| 2. Surendranath Sen | Non-Cooperation Movement |
| 3. Vinoba Bhave | Bhoodan Movement |

Which of the pairs given above is/are correctly matched ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

75. During the Indian freedom struggle, a series of meetings referred to as Round Table Conference were held primarily to discuss the :

(a) Grant of Independence
(b) Resolution of Religious Conflicts
(c) Educational and Social Reforms
(d) Structure of judicial system

## PART—B
## PROFESSIONAL SKILLS

76. 'A' is an employer who deducts the employee's contribution from the wages payable to the employee for crediting to a Provident Fund or Family Pension Fund established by the law. 'A' makes default in the payment of such contribution to the said Fund in violation of the said law. A has :

(a) committed the offence of theft
(b) committed no offence
(c) committed the offence of criminal misappropriation of property
(d) committed the offence of criminal breach of trust

77. Who among the following is the Competent Authority for the termination of the services of the CISF constable undergoing basic training ?

(a) Commandant of the Unit where the constable is posted
(b) DIG in-charge of Unit where constable is posted
(c) DIG of the Training Centre where the constable is undergoing basic training
(d) Any Gazetted Officer of CISF

78. A dying declaration :

(a) needs corroboration
(b) does not need corroboration
(c) should be made to the police officer only
(d) should be made to the doctor

79. Which one of the following Sections deals with waging or attempt to wage war against Government of India ?

(a) Section 161 of Criminal Procedure Code
(b) Section 161 of Indian Penal Code
(c) Section 121 of Criminal Procedure Code
(d) Section 121 of Indian Penal Code

80. Torturing a woman for dowry by her husband or relative of her husband is an offence under Section :

(a) 498 IPC
(b) 420 IPC
(c) 498 A IPC
(d) 452 IPC

81. A cognizable offence is one :

(a) in which police can arrest with a warrant from the court
(b) in which police can arrest without a warrant from the court
(c) in which police can arrest after taking permission from Superintendent of Police
(d) in which police can arrest only after taking permission from District Magistrate

82. Confession before police which leads to recovery of case property :

(a) comes under Section 25 of the Evidence Act
(b) can be proved under Section 27 of the Evidence Act
(c) has to be in the presence of a Magistrate
(d) is done on the orders of the senior police officer

74. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **स्वतंत्रता सेनानी** | **किसलिए जाने जाते हैं** |
|---|---|
| 1. एनी बेसेंट | होम रूल आंदोलन |
| 2. सुरेन्द्र नाथ सेन | असहयोग आंदोलन |
| 3. विनोबा भावे | भूदान आंदोलन |

उपर्युक्त में से कौनसा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

75. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, गोलमेज सम्मेलन के रूप में जानी जानेवाली बैठकों की शृंखला मुख्यत: किस पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी ?

(a) स्वतंत्रता को मंजूरी

(b) धार्मिक विरोधों का समाधान

(c) शैक्षिक और सामाजिक सुधार

(d) न्यायिक प्रणाली की संरचना

## भाग—B

## वृत्तिक कौशल

76. 'क' जो एक नियोजक है, विधि द्वारा स्थापित भविष्य-निधि या कुटुम्ब पेंशन-निधि में जमा करने के लिए कर्मचारी अभिदाय की कटौती कर्मचारी को संदेय मजदूरी में से करता है। 'क' उक्त निधि में ऐसे अभिदाय का संदाय करने में उक्त विधि का अतिक्रमण करके व्यतिक्रम करता है। 'क' ने :

(a) चोरी का अपराध किया है

(b) कोई अपराध नहीं किया है

(c) सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोग का अपराध किया है

(d) आपराधिक न्यास भंग का अपराध किया है

77. आधारभूत प्रशिक्षण ले रहे CISF के कांस्टेबल की सेवा समाप्ति करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सक्षम प्राधिकारी है ?

(a) जहाँ पर कांस्टेबल पदस्थापित है उस यूनिट का कमांडेंट

(b) जहाँ पर कांस्टेबल पदस्थापित है उस यूनिट का प्रभारी DIG

(c) जहाँ पर कांस्टेबल आधारभूत प्रशिक्षण ले रहा है उस प्रशिक्षण केंद्र का DIG

(d) CISF का कोई भी राजपत्रित अधिकारी

78. मृत्युकालीन कथन को :

(a) परिपुष्टि की आवश्यकता है

(b) परिपुष्टि की आवश्यकता नहीं है

(c) केवल पुलिस अधिकारी से ही किया जाना चाहिए

(d) चिकित्सक से ही किया जाना चाहिए

79. निम्नलिखित में से कौनसी धारा भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने या युद्ध करने का प्रयत्न करने से संबंधित है ?

(a) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 161

(b) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 161

(c) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 121

(d) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 121

80. दहेज के लिए किसी महिला को उसके पति या पति के संबंधी द्वारा उत्पीड़ित किया जाना किस धारा के अधीन अपराध है ?

(a) 498 IPC

(b) 420 IPC

(c) 498 A IPC

(d) 452 IPC

81. संज्ञेय मामले से ऐसा मामला अभिप्रेत है :

(a) जिसमें पुलिस न्यायालय द्वारा वारण्ट जारी होने पर गिरफ्तार कर सकती है

(b) जिसमें पुलिस न्यायालय के वारण्ट के बिना गिरफ्तार कर सकती है

(c) जिसमें पुलिस, पुलिस अधीक्षक से अनुमति लेने के बाद गिरफ्तार कर सकती है

(d) जिसमें पुलिस केवल जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही गिरफ्तार कर सकती है

82. पुलिस के सामने की गई संस्वीकृति जिससे मामले की संपत्ति की प्रतिप्राप्ति होती है :

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के अधीन आती है

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के अधीन साबित की जा सकती है

(c) मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में होनी चाहिए

(d) उच्च पुलिस अधिकारी के आदेश पर होती है

83. Sexual intercourse by a government servant of a woman under his charge or custody is a crime under :
(a) 354 IPC
(b) 509 IPC
(c) 376 IPC
(d) 376 B IPC

84. Which one of the following pairs does *not* match ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Statement before a Magistrate | Section 164 CrPC |
| (b) | Culpable homicide not amounting to murder | 304 A IPC |
| (c) | Confession before Police | Section 25 Evidence Act |
| (d) | Employees State Insurance | Workers |

85. In a departmental enquiry, a defence assistant is chosen :
(a) by the Department for defence
(b) by the charged official
(c) by the controlling officer from the three choices given by the charged official
(d) only on the order of DG

86. A thief is escaping with stolen property. He has to be caught and stolen property recovered. What should be the immediate reaction of the CISF sentry on duty ?
(a) raise an alarm and organize pursuit
(b) shoot the thief
(c) inform the control room
(d) inform the Commandant immediately

87. The Right of Private Defence, subject to certain restrictions, extends to :
(a) defence of self and any other person
(b) defence only of self
(c) defence of government agencies
(d) defence of one's family members

88. 'Double Jeopardy' means :
(a) A person getting two punishments for one offence
(b) A criminal act is covered under two offences
(c) Second trial of the accused for the same offence
(d) None of the above

89. What is the prescribed strength of a Search and Rescue (SAR) Team in a NDRF Battalion ?
(a) 30
(b) 45
(c) 54
(d) Minimum 15

90. You are in-charge of a CISF Camp located in a remote area which is infested with Left Wing Extremists. To ensure proper security of your camp which of the following do you consider important ?
(a) make proper trenches inside the camp for movement of force from barrack to Sentry Posts
(b) clear vegetation around the camp that can offer cover to attackers
(c) keep Quick Reaction Team (QRT) in readiness to counter any eventuality
(d) all of the above

91. A decision was taken by Government of India to induct CISF to upgrade security of Delhi Metro Rail System after which one of the following terror attacks ?
(a) Madrid Blast
(b) London Blast
(c) Tokyo incident
(d) Akshardham attack

92. 'Operating Island' in a Nuclear Power Plant (NPP) is :
(a) an island where most important scientists are based
(b) an area where nuclear reactors are situated
(c) an island in the sea/lake from where water for reactors is drawn
(d) an area where all gadgets are placed

93. Which of the following Security equipment is *not* used during pre-embarkation Security Checks at airports ?
(a) X-BIS
(b) UVSS
(c) DFMD
(d) HHMD



(Contd.)

83. किसी सरकारी सेवक द्वारा अपने प्रभार और अभिरक्षा में की किसी स्त्री के साथ मैथुन किस धारा के अधीन अपराध है ?
   (a) 354 IPC
   (b) 509 IPC
   (c) 376 IPC
   (d) 376 B IPC

84. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?

| | | |
|---|---|---|
| (a) | मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए कथन | धारा 164, CrPC |
| (b) | हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानव वध | धारा 304 A, IPC |
| (c) | पुलिस से की गई संस्वीकृति | धारा 25, साक्ष्य अधिनियम |
| (d) | कर्मचारी राज्य बीमा | कर्मकार |

85. किसी विभागीय जांच में, किसी प्रतिरक्षा सहायक का चुनाव :
   (a) विभाग द्वारा प्रतिरक्षा के लिए किया जाता है
   (b) आरोपित पदधारी द्वारा किया जाता है
   (c) नियंत्रक अधिकारी द्वारा, आरोपित पदधारी द्वारा दिए गए तीन विकल्पों में से, किया जाता है
   (d) केवल DG के आदेश पर किया जाता है

86. कोई चोर चुराई गई संपत्ति के साथ निकल भागा है। उसे पकड़ना है और चुराई गई संपत्ति बरामद करनी है। ड्यूटी पर तैनात CISF संतरी की तात्कालिक प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए ?
   (a) शोर मचाना और पीछा करने का आयोजन करना
   (b) चोर को गोली मार देना
   (c) नियंत्रण कक्ष को सूचित करना
   (d) कमाण्डेंट को तत्काल सूचित करना

87. प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का, कतिपय निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, कहाँ तक विस्तार है ?
   (a) स्वयं और किसी दूसरे व्यक्ति की प्रतिरक्षा
   (b) केवल स्वयं की प्रतिरक्षा
   (c) सरकारी अभिकरणों की प्रतिरक्षा
   (d) अपने परिवार के सदस्यों की प्रतिरक्षा

88. 'दोहरा परिसंकट' से क्या अभिप्रेत है ?
   (a) किसी व्यक्ति को एक अपराध के लिए दो सजा मिलना
   (b) किसी आपराधिक कार्य का दो अपराधों के अंतर्गत होना
   (c) एक ही अपराध के लिए अभियुक्त का दुबारा विचारण
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. NDRF बटालियन में तलाशी और बचाव (SAR) टीम का विहित संख्या बल क्या है ?
   (a) 30
   (b) 45
   (c) 54
   (d) कम से कम 15

90. आप वामपंथी अतिवादियों से ग्रस्त किसी सुदूर क्षेत्र में स्थित एक CISF कैम्प के प्रभारी हैं। अपने कैम्प की उचित सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आप निम्नलिखित में से किसे महत्वपूर्ण मानते हैं ?
   (a) बैरक से संतरी चौकी तक बल को जाने के लिए कैम्प के अन्दर उचित खाई बनाना
   (b) कैम्प के चारों ओर से पेड़-पौधों को, जो आक्रमणकारियों को आड़ दे सकते हैं, हटाना
   (c) किसी भी सम्भाव्य घटना को रोकने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) को तैयार रखना
   (d) उपर्युक्त सभी

91. निम्नलिखित में से कौनसे आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने दिल्ली मैट्रो रेल प्रणाली की सुरक्षा को सुधारने के लिए CISF को लगाने का निर्णय लिया ?
   (a) मैड्रिड विस्फोट
   (b) लंदन विस्फोट
   (c) टोक्यो घटना
   (d) अक्षरधाम हमला

92. किसी नाभिकीय शक्ति संयंत्र (NPP) में 'प्रचालन द्वीप' क्या है ?
   (a) एक द्वीप जहाँ सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक रहते हैं
   (b) एक क्षेत्र जहाँ नाभिकीय रिऐक्टर स्थित हैं
   (c) समुद्र/झील के अंदर एक द्वीप जहाँ से रिऐक्टरों के लिए पानी लिया जाता है
   (d) एक क्षेत्र जहाँ सारे जुगत रखे जाते हैं

93. निम्नलिखित में कौनसा सुरक्षा उपकरण विमान-पत्तनों की आरोहण-पूर्ण सुरक्षा जाँचों के दौरान प्रयुक्त ***नहीं*** होता ?
   (a) X-BIS
   (b) UVSS
   (c) DFMD
   (d) HHMD



(Contd.)

94. During Election duties the force personnel should be briefed on the following points.

1. Tasks assigned during Election duties.
2. Action to be taken in case of attack on the polling booth.
3. Action required to be taken for filing a report regarding the incident.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

95. What are the duties of police personnel deployed on Election duty ?

(a) Ensure that the voters form a line and maintain peace inside the booth
(b) Provide security to polling parties
(c) Provide security to Electronic Voting Machines
(d) All of the above

96. In which of the following ways do the Naxal outfits attack the force ?

1. By guerilla tactics.
2. By the use of IEDs and claymore mines to attack patrolling parties.
3. By keeping women and children in the front during attack.
4. By floating information in advance about their likely movement.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

97. You are establishing an Observation Post in your camp located in Left Wing Extremist affected areas. In this context, which one of the following is ***not*** correct ?

(a) The Observation Post should be at a dominant location.
(b) There should be proper communication system at the Post.
(c) The Observation Post should be well lit inside.
(d) There should be proper trenches, etc. to reach reinforcement to the Observation Post.

98. You are deployed on duty in Naxalite affected area. In this context which one of the following is ***not*** correct ?

(a) When the patrolling party is returning, all precautions against ambush should be taken.
(b) Using the same vehicle for movement of the troops is effective and safe.
(c) Ambush is often done during the day when police party is returning from an operation or raid.
(d) Naxals are experts in planting IEDs.

99. While returning firearms to the Quarter Guard, which one of the following should be ensured ?

(a) Weapon should be oiled properly
(b) Weapon should not be oiled
(c) Weapon should be cleaned
(d) Chamber should be emptied and loaded magazine taken out

100. What is/are the reasons for improper handling of firearms ?

(a) Lack of proper training
(b) Lack of firing practice
(c) Inadequate supervision
(d) All of the above

101. U/S 13 of the CISF Act, procedure for arrest is given. In this context which one of the following should ***not*** be done by a CISF officer ?

(a) Detain the arrested person till the Managing Director of the unit gives permission
(b) Handover the arrested person to a police officer without delay.
(c) If police officer is not present at the spot, take the person to the nearest police station.
(d) Ensure that the arrested person is not hurt by any one while taking him to the police station.

94. निर्वाचन ड्यूटियों के समय बल कार्मिकों को निम्नलिखित विषयों से अवगत करा देना चाहिए :
1. निर्वाचन ड्यूटी के समय समनुदेशित कार्य
2. मतदान कोष्ठ पर हमला होने पर की जाने वाली कार्रवाई
3. इस घटना की रिपोर्ट फाइल करने के लिए की जाने वाली कार्रवाई

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

95. निर्वाचन ड्यूटी के लिए अभिनियोजित पुलिस कार्मिकों के क्या कर्त्तव्य होते हैं ?
(a) यह सुनिश्चित करना कि मतदाता लाइन बनाएं और कोष्ठ के अंदर शांति बनाए रखें
(b) निर्वाचन दस्तों को सुरक्षा प्रदान करना
(c) इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों को सुरक्षा प्रदान करना
(d) उपर्युक्त सभी

96. नक्सली गुट निम्नलिखित में से कौनसे प्रकार से, बल पर आक्रमण करते हैं ?
1. छापामार रणनीति द्वारा
2. गश्त लगाने वाले दस्तों पर आक्रमण करने के लिए IEDs और क्लेमॉर सुरंगों के उपयोग द्वारा
3. महिलाओं और बच्चों को आक्रमण के समय आगे रख कर
4. अपने संभाव्य संचलन की अग्रिम सूचना जारी कर

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

97. आप लेफ्ट विंग उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में अवस्थित अपने कैम्प में प्रेक्षण चौकी स्थापित कर रहे हैं। इस संदर्भ में, निम्नलिखित मे कौनसा सही ***नहीं*** है ?
(a) प्रेक्षण चौकी अधिष्ठायी अवस्थान पर होनी चाहिए।
(b) चौकी पर उपयुक्त संचार प्रणाली होनी चाहिए।
(c) प्रेक्षण चौकी के अंदर अच्छी प्रकार रोशनी होनी चाहिए।
(d) वहाँ उपयुक्त खाइयाँ आदि होनी चाहिए ताकि प्रेक्षण चौकी पर कुमुक पहुँच सके।

98. आप नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में ड्यूटी पर अभिनियोजित किए गए हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही ***नहीं*** है ?
(a) गश्ती टुकड़ी जब वापस आ रही हो, तब घात लगाकर किए जाने वाले हमले के प्रति सभी पूर्वावधानी बरती जानी चाहिए।
(b) सैन्यदल के संचलन के लिए एक ही वाहन का उपयोग करना प्रभावी और सुरक्षित होता है।
(c) घात लगाकर हमला बहुधा दिन के दौरान किया जाता है जब पुलिस की टुकड़ी संक्रिया करके या छापा मारकर वापस आ रही होती है।
(d) नक्सलवादी IED लगाने में विशेषज्ञ हैं।

99. आग्नेयास्त्रों को क्वार्टरगार्ड में वापस रखते समय, निम्नलिखित में से क्या सुनिश्चित किया जाना चाहिए ?
(a) शस्त्र को उचित रूप से तेल लगाया जाना चाहिए
(b) शस्त्र को तेल नहीं लगाया जाना चाहिए
(c) शस्त्र की सफाई कर देनी चाहिए
(d) चैम्बर को खाली कर देना चाहिए और भरी हुई मैगज़ीन को निकाल लेना चाहिए

100. अग्न्यायुधों को अनुचित रूप से हैंडल करने का/के कौनसा/से कारण होता है/होते हैं ?
(a) उचित प्रशिक्षण का अभाव
(b) गोलीबारी के अभ्यास का अभाव
(c) अपर्याप्त पर्यवेक्षण
(d) उपर्युक्त सभी

101. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अधिनियम (CISF, Act) की धारा 13 के अधीन गिरफ्तारी की प्रक्रिया दी गई है। इस संदर्भ में किसी CISF अफसर को निम्नलिखित में से कौनसा एक कार्य ***नहीं*** करना चाहिए ?
(a) गिरफ्तार व्यक्ति को निरुद्ध रखना, जब तक कि उस इकाई का प्रबंध निदेशक अनुमति न दे।
(b) गिरफ्तार व्यक्ति को अविलंब पुलिस अधिकारी को सौंप देना।
(c) यदि पुलिस अधिकारी उस स्थल पर उपस्थित नहीं है, तो उस व्यक्ति को निकटतम पुलिस स्टेशन ले जाना।
(d) सुनिश्चित करना कि गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस स्टेशन ले जाने में कोई व्यक्ति चोट नहीं पहुचाता है।

102. 'A' causes cattle to enter into a field belonging to 'Z' intending to cause damage to 'Z'. 'A' has committed :

(a) the offence of mischief

(b) the offence of theft

(c) the offence of robbery

(d) the offence of criminal breach of trust

103. Which one of the following matters does ***not*** fall within the jurisdiction of Industrial Tribunals ?

(a) illegality or otherwise of a strike or lockout

(b) hours of work and rest intervals

(c) leave with wages and holidays

(d) retrenchment of workmen and closure of establishment

104. It is advisable to store important data in which one of the following for it to be secure ?

(a) in a computer with all security features and an internet connection

(b) in a stand alone computer

(c) in a computer securely locked with proper access control and internet connection

(d) in a computer used by senior most officer of the organization

105. During deployment for Election duty ensure that :

1. no one is canvassing within 100 metres of the polling station.

2. polling agents of candidates do not request voters to vote properly within 100 metres from the polling station.

3. candidates are not present within 500 metres from the polling station.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

106. During election duty, which is the most important precaution to be taken by the CISF personnel to guard the weapons ?

(a) Keep the weapons safely with them in the barrack

(b) Use rifle chains to secure weapons properly

(c) Give the weapons to the guard in-charge for keeping it safe

(d) Clean the weapons every day

107. Which one of the following is the counterpart of Bureau of Civil Aviation (BCAS) in U.K. ?

(a) Transport Security Authority (TSA)

(b) Department for Transport (DFT)

(c) Homeland Security

(d) None of the above

108. "Cooling off Pit" at an Airport is meant for :

(a) Storing teargas shells of CISF Armoury

(b) Storing of dangerous goods

(c) To keep all unclaimed baggage

(d) To keep baggage and other items suspected to contain explosives

109. The fee received by CISF for Technical Consultancy Service to Industrial Establishments is credited to :

(a) CISF Welfare Fund

(b) CISF Consultancy Fund

(c) Consolidated Fund of India

(d) Prime Minister's Relief Fund

110. With reference to protecting Human Rights of an individual during search, which one of the following is ***not*** correct ?

(a) Search operations should be done preferably during the day

(b) Do not enter any premises unauthorizedly

(c) If no witness is willing to come forward, get the witness from neighboring village immediately

(d) Arrested person should be informed about the cause of arrest



(Contd.)

102. 'A' इस आशय से कि वह 'Z' की फसल को नुकसान कारित करे 'Z' के खेत में ढोरों का प्रवेश कारित करता है। 'A' ने क्या अपराध किया है ?

(a) रिष्टि का अपराध

(b) चोरी का अपराध

(c) लूट का अपराध

(d) आपराधिक न्यास भंग का अपराध

103. निम्नलिखित मामलों में से कौनसा एक, औद्योगिक अधिकरण की अधिकारिता में *नहीं* आता है ?

(a) हड़ताल या तालाबंदी की अवैधता या अन्यथा

(b) काम के घंटे और विश्राम अंतराल

(c) मजदूरी के साथ छुट्टी और अवकाश

(d) कर्मकारों की छंटाई और स्थापना की बंदी

104. महत्वपूर्ण आंकड़ों को निम्नलिखित में से किसमें संग्रहित करना उपयुक्त होता है, ताकि वह सुरक्षित रहे ?

(a) सभी सुरक्षा विशेषताओं और इंटरनेट सुविधा से युक्त कम्प्यूटर में

(b) *स्टैंड अलोन* कम्प्यूटर में

(c) उपयुक्त अभिगम नियंत्रण से सुरक्षित रूप से अभिबद्ध और इंटरनेट सुविधा युक्त कम्प्यूटर में

(d) संगठन के सबसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उपयोग में लाए जा रहे कम्प्यूटर में

105. निर्वाचन ड्यूटी पर परियोजना के दौरान सुनिश्चित कीजिए कि :

1. कोई भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर प्रचार नहीं कर रहा है।

2. अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर मतदाताओं से यह अनुरोध नहीं कर रहे हैं कि उचित रूप से मतदान करें।

3. अभ्यर्थी मतदान केंद्र से 500 मीटर के भीतर उपस्थित नहीं हों।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

106. निर्वाचन ड्यूटी के दौरान, शस्त्रों की सुरक्षा करने के लिए CISF कार्मिकों द्वारा कौनसी सबसे महत्वपूर्ण पूर्वाविधानी बरती जानी चाहिये ?

(a) शस्त्र को बैरक में अपने पास सुरक्षापूर्वक रखना

(b) शस्त्रों को उचित रूप से सुरक्षित रखने के लिए रायफल की चेनों का उपयोग करना

(c) शस्त्रों को सुरक्षित रखने के लिए प्रभारी गार्ड को दे देना

(d) शस्त्रों की प्रतिदिन सफाई करना

107. निम्नलिखित में से कौनसा एक, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन का U.K. में समकक्ष है ?

(a) परिवहन सुरक्षा प्राधिकारी (TSA)

(b) परिवहन विभाग (DFT)

(c) स्वदेश सुरक्षा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. विमानपत्तन पर "उपशमन कुंड" का क्या प्रयोजन है ?

(a) CISF शस्त्रागार में आंसू गैस के गोलों का भंडारण करना

(b) खतरनाक माल का भंडारण करना

(c) ऐसे सभी यात्री-सामान रखना, जिनका दावा नहीं किया गया है

(d) ऐसे यात्री सामान और अन्य मदें रखना, जिनमें विस्फोटक होने का संदेह है

109. औद्योगिक स्थापनों को तकनीकी परामर्श सेवा प्रदान करने के लिए CISF को प्राप्त फीस किस निधि में जमा की जाती है ?

(a) CISF कल्याण निधि में

(b) CISF परामर्श निधि में

(c) भारत की संचित निधि में

(d) प्रधानमंत्री सहायता निधि में

110. व्यक्ति की तलाशी के दौरान मानव अधिकारों के संरक्षण के संदर्भ में कौनसा एक सही *नहीं* है ?

(a) तलाशी का कार्य अधिमानत: दिन के समय किया जाना चाहिए

(b) किसी परिसर में अप्राधिकृत प्रवेश न करें

(c) यदि कोई साक्षी बनने के लिए तैयार नहीं है तो तुरंत पड़ोस के गाँव से साक्षी ले आएं

(d) गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का कारण सूचित किया जाए

111. Whoever does an act which renders or which he knows to be likely to render any public road, bridge, navigable river, impassable or less safe for travelling or conveying property, has committed the offence of :

(a) criminal trespass

(b) criminal breach of trust

(c) rioting

(d) mischief

112. For a government servant to marry second time when the first wife is living and the marriage is not dissolved, is punishable under Section :

(a) 494 IPC

(b) 500 IPC

(c) 502 IPC

(d) None of the above

113. What is the meaning of the term 'hacking' in computer parlance ?

(a) finding loopholes in the security system of someone else's computer to show your skill/knowledge

(b) peeping into the work done by a colleague behind his back

(c) typing a document on someone else's computer when the person is not around

(d) none of the above

114. A member of the Force is suspended. In this context, which one of the following is not correct ?

(a) He ceases to be a member of the force.

(b) He is subject to the same discipline and penalties as other members

(c) He has to attend all the parades and games in the unit-lines

(d) He has to continue living in the barrack

115. Under which of the following circumstances the Director General of CISF may, subject to confirmation by the Central Govt., grant a higher rank than that held by the officer as a "local rank" ?

(a) whenever the Director General desires

(b) whenever the MHA requests him

(c) based on the individual's performance

(d) only in the interest of better functioning of the force

116. An officer is granted a local rank. In this context, which one of the following statements is correct ?

(a) He can claim seniority over other officers of the force by virtue of having held such a rank

(b) He is entitled to extra pay and allowances for the local rank he is granted

(c) He is entitled to only an honorarium during the period

(d) He cannot claim any of the above

117. The unit commander has been asked by the Director General, CISF to send force for election duty. The Managing Director of the Undertaking :

(a) should be informed as the force is supposed to work under his general supervision, direction and control

(b) need not be informed as orders are from Director General, CISF

(c) may not be informed without clearance from Election Commission

(d) may be informed after orders of the District Magistrate

118. The Commandant of the undertaking is responsible for its security. For that purpose he will keep in touch with the following except :

(a) District Administration

(b) Managing Director

(c) Union Leaders

(d) Local Police Station



(Contd.)

111. जो कोई किसी ऐसे कार्य को करे जो किसी लोक सड़क, पुल, नाव्य नदी को यात्रा या सम्पत्ति प्रवहन के लिए अगम्य या कम निरापद बना दे या उसकी जानकारी में बना देना सम्भाव्य हो, क्या अपराध करता है ?

(a) आपराधिक अतिचार

(b) आपराधिक न्यास भंग

(c) बलवा

(d) रिष्टि

112. किसी सरकारी कर्मचारी के लिए, पहली पत्नी के जीवित होते जिससे विवाह विच्छेद नहीं हुआ हो, दूसरा विवाह करना किस धारा के अधीन दंडनीय है ?

(a) 494 IPC

(b) 500 IPC

(c) 502 IPC

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. संगणक की बोलचाल में 'हैकिंग' शब्द से क्या अभिप्रेत है ?

(a) अपना कौशल/ज्ञान प्रदर्शित करने हेतु, किसी अन्य के संगणक की सुरक्षा प्रणाली में छिद्र ढूंढ़ना

(b) किसी सहकर्मी द्वारा किए गए काम में उसकी पीठ के पीछे से ताक-झांक करना

(c) किसी अन्य के संगणक पर, जब वह व्यक्ति अन्यत्र हो, कोई दस्तावेज टाइप करना

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. बल का कोई व्यक्ति निलंबित किया जाता है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) वह बल का सदस्य नहीं रहता है

(b) वह अन्य सदस्यों की भांति अनुशासन और शास्ति के अधीन है

(c) उसे अपनी यूनिट लाइन की सभी परेडों और खेलों में हाजिर होना होगा

(d) उसे बैरक में रहना जारी रखना होगा

115. CISF का महानिदेशक, केंद्र सरकार की पुष्टि के अधीन रहते हुए, निम्नलिखित परिस्थितियों में से किस में किसी अधिकारी को उस अधिकारी द्वारा स्थानीय रैंक के रूप में धारित रैंक से उच्चतर रैंक प्रदान कर सकता है ?

(a) जब भी महानिदेशक की इच्छा हो

(b) जब भी गृह मंत्रालय उससे अनुरोध करे

(c) व्यक्ति के निष्पादन पर आधारित

(d) केवल बल के बेहतर कार्यकरण के हित में

116. किसी अधिकारी को स्थानीय रैंक दिया जाता है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

(a) उस पद के धारण करने के आधार पर वह बल के अन्य अधिकारियों पर वरिष्ठता का दावा कर सकता है

(b) दिए गए स्थानीय रैंक के लिए वह अतिरिक्त वेतन ओर भत्ते का हकदार है

(c) वह उस अवधि के दौरान केवल मानदेय के लिए हकदार है

(d) वह उपर्युक्त से किसी का दावा नहीं कर सकता

117. CISF के महानिदेशक ने यूनिट कमांडर को निदेश दिया है कि वह निर्वाचन ड्यूटी के लिए बल भेजे। उपक्रम के महानिदेशक को :

(a) सूचित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह उपधारणा है कि बल उसके अधीक्षण, निदेश और नियंत्रण में कार्य करता है

(b) सूचित करना आवश्यक नहीं है क्योंकि CISF के महानिदेशक का आदेश है

(c) निर्वाचन आयोग से निर्बाधन लिए बिना सूचित नहीं किया जा सकता

(d) जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों के बाद सूचित किया जा सकता है

118. उपक्रम का कमांडेट उसकी सुरक्षा के लिए उत्तरदायी है। उस प्रयोजन के लिए उसे निम्नलिखित से संपर्क रखना आवश्यक है, सिवाय :

(a) जिला प्रशासन

(b) प्रबंध निदेशक

(c) यूनियन के नेता

(d) स्थानीय पुलिस स्टेशन



(Contd.)

119. When making an arrest, members of the force can do the following except :
   (a) Touch or confine the body of the person to be arrested
   (b) Seize the articles found on the arrested person and keep it in the Quarter Guard
   (c) Use necessary restraint if the person tries to evade arrest
   (d) Hand him over to the nearest Police Station without delay

120. A constable of the force is deployed for operational duty for a short period outside the place of his permanent posting. During this period he gets drunk and opens fire. Which of the following is the **best** option for the Commandant under whom he is deployed ?
   (a) confine him to the Quarter Guard
   (b) suspend him and refer the matter to the concerned disciplinary authority of the constable
   (c) recommend to CISF headquarters to suspend him
   (d) return him to the parent unit

121. Which is ***not*** a major penalty under the CISF rules ?
   (a) dismissal from service
   (b) compulsory retirement
   (c) reduction to a lower time scale of pay, grade, post or service which will be a bar to his promotion
   (d) reduction to a lower stage in the time scale of pay for a period of not exceeding 3 years without cumulative effect

122. 'A' has thrown acid on 'B'. Then 'A' is guilty under Section :
   (a) 313 IPC
   (b) 343 IPC
   (c) 326 IPC
   (d) 307 IPC

123. In which of the following cases can CISF personnel arrest without warrant ?
   (a) when a person causes hurt to another person
   (b) when a person is hiding in the undertaking premises and there is suspicion that he is doing so to commit a cognizable crime
   (c) when a person commits an offence likely to cause danger to the life of a person
   (d) In all the above cases

124. Which one of the following is ***not*** a duty of Assistant Commandant ?
   (a) He shall be responsible for efficiency, discipline and morale of the personnel under him
   (b) He shall be responsible for the Security of the undertaking
   (c) He shall perform any duties entrusted to him by his Commandant
   (d) He will maintain contact with labour leaders in-charge of employees' union

125. Petty punishment under CISF rules can be awarded to :
   (a) Head constables
   (b) Constables
   (c) Followers
   (d) All of the above

126. Which of the following is the **best** form of perimeter security ?
   (a) A perimeter wall with electric fence and watch towers
   (b) A perimeter wall with Y-shaped overhang and concertina coil but without watch towers
   (c) A perimeter wall with complete CCTV Surveillance but without patrolling track
   (d) A perimeter wall with Y-shaped overhang, concertina coil, watch towers and patrolling track



(Contd.)

119. गिरफ्तारी करते समय बल के सदस्य निम्नलिखित कार्य कर सकते हैं, सिवाय :
   (a) गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति के शरीर को छूना या परिरुद्ध करना
   (b) गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास पाई गई वस्तुएं अभिग्रहीत करके उन्हें क्वार्टर गार्ड में रखना
   (c) यदि वह व्यक्ति गिरफ्तारी से बचने का प्रयत्न करता है तो आवश्यक अवरोध का प्रयोग करना
   (d) उसे अविलंब निकटतम पुलिस स्टेशन को सौंप देना

120. बल का एक सिपाही अपने स्थायी पदस्थापन के स्थान से बाहर लघु अवधि के लिए संक्रियात्मक ड्यूटी पर परिनियोजित किया जाता है। उस अवधि में वह मत्त हो जाता है और गोली चला देता है। उस कमांडेंट के पास, जिसके अधीन वह परिनियोजित है, निम्नलिखित में कौनसा एक सर्वोत्तम विकल्प है ?
   (a) उसे क्वार्टर गार्ड में परिरुद्ध करे
   (b) उसे निलंबित करे और सिपाही से संबंधित अनुशासनिक अधिकारी को मामला निर्दिष्ट करे
   (c) CISF मुख्यालय को सिफारिश करे कि उसे निलंबित किया जाए
   (d) उसे मूल यूनिट में वापस भेज दें

121. निम्नलिखित में से कौनसी एक, CISF नियम के अधीन मुख्य शास्ति नहीं है ?
   (a) सेवा से पदच्युति
   (b) अनिवार्य सेवानिवृत्ति
   (c) वेतन, श्रेणी (ग्रेड), पद या सेवा के निम्नतर समय वेतनमान में उतारना जो उसकी प्रोन्नति के लिए अवरोध होगा
   (d) समय वेतनमान में 3 वर्ष से अनधिक अवधि के लिए निम्नतर चरण पर संचयी प्रभाव के बिना उतारना

122. 'A' ने 'B' पर तेजाब फेंका। तब 'A' किस धारा के अधीन दोषी है :
   (a) 313 IPC
   (b) 343 IPC
   (c) 326 IPC
   (d) 307 IPC

123. निम्नलिखित मामलों में से किस एक में CISF कार्मिक बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकता है ?
   (a) जब एक व्यक्ति दूसरे को उपहति कारित करता है
   (b) जब कोई व्यक्ति उपक्रम के परिसर में छिपा हुआ है और यह संदेह है कि वह कोई संज्ञेय अपराध करने के लिए ऐसा कर रहा है
   (c) जब कोई व्यक्ति ऐसा अपराध करता है जो किसी व्यक्ति के जीवन को संकट कारित करने के लिए संभाव्य है
   (d) उपर्युक्त सभी मामलों में

124. निम्नलिखित में से कौनसा एक, सहायक कमांडेंट का कर्त्तव्य ***नहीं*** है ?
   (a) वह अपने अधीनस्थ कार्मिकों की दक्षता, अनुशासन और मनोबल के लिए उत्तरदायी होगा
   (b) वह उपक्रम की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा
   (c) वह अपने कमांडेंट द्वारा उसको सौंपे गए कर्त्तव्यों का निष्पादन करेगा
   (d) वह कर्मचारी संघ के प्रभारी श्रमिक नेताओं से संपर्क रखेगा

125. CISF नियमों के अधीन किसको छोटा-मोटा दंड दिया जा सकता है ?
   (a) हेड कांस्टेबल
   (b) कांस्टेबल
   (c) अनुगामी
   (d) उपर्युक्त सभी

126. निम्नलिखित में से कौनसा, परिमाप की सुरक्षा का सर्वोत्तम तरीका है ?
   (a) परिमाप भित्ति जिसपर विद्युत बाड़ और प्रहरी टावर बने हों
   (b) परिमाप भित्ति जिसपर Y आकार का प्रलंबन और कंसर्टिना कुंडली हो किंतु प्रहरी टावर न हो
   (c) परिमाप भित्ति जिसमें संपूर्ण CCTV निगरानी हो किंतु गश्त लगाने का पथ न हो
   (d) परिमाप भित्ति जिसमें Y आकार का प्रलंबन, कंसर्टिना कुंडली, प्रहरी टावर और गश्त लगाने का पथ हो



(Contd.)

127. U/S 10 of the CISF Act, the duties of the members of the Force is/are :

1. to safeguard the interests of the Unions as the welfare of all the employees is looked after by them.
2. to protect and safeguard the industrial undertakings owned by the Central Govt.
3. to protect and safeguard the employees of the industrial undertakings and installations.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

128. An industrial dispute can be settled by :

1. Direct negotiation
2. Mediation or conciliation
3. Arbitration
4. Adjudication

Which of the above are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

129. When dealing with labourers and employees of an undertaking CISF should :

1. win the confidence of the employees and labourers.
2. use minimum force to bring the situation under control quickly during any law and order problem.

Which of the statements given above is/ are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

130. Retrenchment means :

(a) Termination of the service of a workman on the ground of continued ill-health
(b) Termination of the service of the workman as a result of the non-renewal of the contract between the employer and the workman on its expiry
(c) Termination of the service of a workman by the employer for any reason whatsoever, otherwise than as a punishment inflicted by way of disciplinary action
(d) Voluntary retirement of the workman

131. What is the prescribed height of Airport Perimeter Wall ?

(a) 6 feet wall with 1½ feet concertina wire
(b) 8 feet wall with 1½ feet concertina wire
(c) 10 feet wall with no concertina wire
(d) 10 feet wall with 1½ feet concertina wire

132. A warrant for search of a document/parcel in custody of Postal Authority may be issued by :

(a) Any Magistrate
(b) Investigating officer
(c) Any police officer
(d) District Magistrate or Chief Judicial Magistrate

133. Consider the following statements :

Confession by accused to the police officer or while in police custody

1. cannot be used against the accused
2. can be used if corroborated by other witnesses

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

127. CISF अधिनियम की धारा 10 के अधीन बल के सदस्यों के क्या कर्त्तव्य हैं ?

1. संघों के हितों का संरक्षण करना क्योंकि वे सभी कर्मचारियों का कल्याण देखते हैं।
2. केन्द्र सरकार के स्वामित्व के औद्योगिक उपक्रमों को सुरक्षित रखना और संरक्षोपाय करना।
3. औद्योगिक उपक्रमों और प्रतिष्ठापनों के कर्मचारियों को सुरक्षित रखना और संरक्षोपाय करना।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

128. औद्योगिक विवाद किसके द्वारा निपटाया जा सकता है ?

1. सीधी वार्ता
2. मध्यस्थता या सुलह
3. माध्यस्थम्
4. न्याय निर्णयन

उपर्युक्त में कौन-कौनसे सही हैं ?

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

129. उपक्रम के श्रमिकों और कर्मचारियों से व्यवहार करते समय CISF को :

1. कर्मचारियों और श्रमिकों का विश्वास जीतना चाहिए।
2. किसी विधि-व्यवस्था की समस्या के दौरान स्थिति को शीघ्र नियंत्रण में लाने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग करना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

130. छँटनी से क्या अभिप्रेत है ?

(a) किसी कर्मकार की सेवाओं का, लगातार अस्वस्थ रहने के आधार पर समापन
(b) नियोक्ता और कर्मकार के बीच संविदा की समाप्ति पर उसका नवीकरण न होने के परिणामस्वरूप कर्मकार की सेवा का समापन
(c) नियोक्ता द्वारा कर्मकार की सेवा का, अनुशासनिक कार्रवाई द्वारा दंडस्वरूप समापन से भिन्न, किसी भी कारण के आधार पर समापन
(d) कर्मकार की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

131. विमानपत्तन परिमाप भित्ति की विहित ऊँचाई क्या है ?

(a) 6 फीट भित्ति, 1½ फीट कॉन्सर्टिना तार के साथ
(b) 8 फीट भित्ति, 1½ फीट कॉन्सर्टिना तार के साथ
(c) 10 फीट भित्ति, बिना कॉन्सर्टिना तार के साथ
(d) 10 फीट भित्ति, 1½ फीट कॉन्सर्टिना तार के साथ

132. डाक प्राधिकारी की अभिरक्षा में किसी दस्तोवज/पार्सल की तलाशी का वारंट किसके द्वारा जारी किया जा सकता है ?

(a) किसी मजिस्ट्रेट द्वारा
(b) अन्वेषण अधिकारी द्वारा
(c) किसी पुलिस अधिकारी द्वारा
(d) जिला मजिस्ट्रेट या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा

133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

अभियुक्त द्वारा पुलिस अधिकारी के समक्ष या पुलिस अभिरक्षा में रहते हुए की गई संस्वीकृति का

1. अभियुक्त के विरुद्ध उपयोग नहीं किया जा सकता
2. उपयोग किया जा सकता है यदि अन्य साक्षियों द्वारा संपुष्ट हो

उपर्युक्त कथनों में कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

134. In case of an armed attack on the Post the sentry should open fire :
- (a) immediately after taking orders from his superiors
- (b) only after informing Managing Director of the Establishment
- (c) after arrival of the local police
- (d) immediately to repulse the attack

135. Under the Industrial Disputes Act, 1947, the term "Public Utility Service" is defined in :
- (a) Section 2(n)
- (b) Section 2(o)
- (c) Section 2(k)
- (d) Section 2(j)

136. Under which one of the following Acts/ Codes, cases of bomb explosions are registered ?
- (a) The Indian Explosives Act
- (b) The Indian Penal Code
- (c) The Explosives Substances Act
- (d) The Criminal Procedure Code

137. An amount due from an employee under settlement or award can be recovered following the procedure laid down in :
- (a) Section 15 of the Payment of Wages Act
- (b) Section 33(c) of the Industrial Disputes Act
- (c) Workmen Compensation Act
- (d) Employees State Insurance Act

138. The Industrial Disputes Act 1947 requires the appropriate government to direct the industrial establishment to constitute a Work Committee if the establishment has employed :
- (a) 10 or more workmen
- (b) 50 or more workmen
- (c) 100 or more workmen
- (d) 500 or more workmen

139. Which one of the following is ***not*** an authority for settlement and adjudication of industrial disputes ?
- (a) Works Committees
- (b) Labour Court
- (c) Industrial Tribunal
- (d) Trade Unions

140. Sedition is an offence defined under Section :
- (a) 124 A of IPC
- (b) 153 A of IPC
- (c) 141 of IPC
- (d) 121 of IPC

141. Promoting enmity between different groups on grounds of religion, race, place of birth, residence, language etc. and doing acts prejudicial to maintenance of harmony is a crime under Section :
- (a) 354 of IPC
- (b) 153 A of IPC
- (c) 152 of IPC
- (d) 121 of IPC

142. Which one of the following statements is ***not*** correct ?
- (a) During operations avoid going on a lonely road, take a road which is more frequented
- (b) It is not necessary to always brief and debrief after an operation
- (c) Analyse the entire operation after the raid
- (d) Force needs to be properly briefed about what they have to do if they are ambushed

143. "Wages" includes :
- (a) dearness allowance
- (b) bonus
- (c) gratuity payable on the termination of his service
- (d) contribution paid by the employer to any pension fund or provident fund



(Contd.)

134. चौकी पर सशस्त्र आक्रमण की दशा में, संतरी को गोली चलानी चाहिए :

(a) अपने वरिष्ठ से आदेश लेकर तुरंत

(b) स्थापन के प्रबंध निदेशक को सूचित करने के पश्चात् ही

(c) स्थानीय पुलिस के आने के पश्चात्

(d) आक्रमण को रोकने के लिए तुरंत

135. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अधीन "लोक उपयोगी सेवा" की परिभाषा किस धारा में दी गई है ?

(a) धारा 2(n) में

(b) धारा 2(o) में

(c) धारा 2(k) में

(d) धारा 2(j) में

136. निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम/संहिता के अधीन बम विस्फोट के मामले रजिस्टर किए जाते हैं ?

(a) भारतीय विस्फोटक अधिनियम

(b) भारतीय दंड संहिता

(c) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम

(d) दंड प्रक्रिया संहिता

137. परिनिर्धारण या पंचाट के अंतर्गत किसी कर्मचारी से बकाया रकम, निम्नलिखित में से किसमें अधिलिखित प्रक्रिया से वसूल की जा सकती है ?

(a) मजदूरी संदाय अधिनियम की धारा 15

(b) औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 33(c)

(c) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम

(d) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम

138. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की अपेक्षा है कि समुचित सरकार औद्योगिक स्थापना को कार्य समिति गठित करने का निदेश दे, यदि उस स्थापना में नियोजित किए गए हैं :

(a) 10 या इससे अधिक कर्मकार

(b) 50 या इससे अधिक कर्मकार

(c) 100 या इससे अधिक कर्मकार

(d) 500 या इससे अधिक कर्मकार

139. निम्नलिखित में से कौन औद्योगिक विवादों के परिनिर्धारण ओर न्यायनिर्णयन के लिए प्राधिकारी ***नहीं*** है ?

(a) कार्य समिति

(b) श्रम न्यायालय

(c) औद्योगिक अधिकरण

(d) ट्रेड यूनियन

140. राजद्रोह किस धारा में परिभाषित अपराध है ?

(a) IPC की धारा 124 A

(b) IPC की धारा 153 A

(c) IPC की धारा 141

(d) IPC की धारा 121

141. धर्म, मूलवंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा इत्यादि के आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता के संप्रवर्तन और सौहार्द्र बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करना किस धारा के अधीन अपराध है ?

(a) IPC की धारा 354

(b) IPC की धारा 153 A

(c) IPC की धारा 152

(d) IPC की धारा 121

142. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) संक्रियाओं के दौरान एकांत सड़क पर जाने से बचें, ऐसी सड़क लें जो अपेक्षाकृत अधिक चलती हो

(b) संक्रिया के बाद हमेशा विवरण देना या जानकारी लेना आवश्यक नहीं है

(c) छापा मारने के बाद पूरी संक्रिया का विश्लेषण करें

(d) बल को समुचित रूप से विवरण देने की आवश्यकता है कि यदि उन पर घात लगाकर आक्रमण किया गया तो उन्हें क्या करना है

143. "मजदूरी" में क्या सम्मिलित है ?

(a) मंहगाई भत्ता

(b) बोनस

(c) सेवा की समाप्ति पर संदेय उपदान

(d) नियोजक द्वारा किस पेंशन निधि या भविष्य निधि को संदत्त अभिदाय



(Contd.)

144. "Industrial Dispute" does not include any dispute or difference between :

(a) government and employees
(b) employers and employees
(c) employers and workmen
(d) workmen and workmen

145. 'A' who is employed in the capacity of a clerk in an office, removed an office file and made it available to a private person for a day or two. 'A' has :

(a) not committed any offence
(b) committed the offence of theft
(c) committed the offence of criminal breach of trust
(d) committed the offence of cheating

146. Simple Mail Transfer Protocol (SMTP) is used in :

(a) file transfer through internet
(b) browsing internet
(c) using search engines
(d) e-mail communication

147. In e-mail communication, you can save frequently used e-mail IDs using :

(a) history of a web page you visited
(b) favourites
(c) address book
(d) file save

148. Retrieval of data from Internet and communication through e-mail follow certain rules called :

(a) hyperlinks
(b) hypertext
(c) mail attachments
(d) protocols

149. A web page is a :

(a) word document
(b) HTML document
(c) file made in text editor
(d) wordpad document

150. A modem is a device which converts :

(a) analog signal to digital signal only
(b) digital signal to analog signal and vice versa
(c) digital signal to analog signal only
(d) none of the above

144. "औद्योगिक विवाद" में किनके बीच कोई विवाद या मतभेद सम्मिलित ***नहीं*** है ?

(a) सरकार और कर्मचारी

(b) नियोजक और कर्मचारी

(c) नियोजक और कर्मकार

(d) कर्मकार और कर्मकार

145. किसी कार्यालय में लिपिक की हैसियत से नियुक्त 'A', कार्यालय की फाइल हटा ले गया और एक या दो दिन के लिए किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए उसे उपलब्ध करा दिया। 'A' ने :

(a) कोई अपराध नहीं किया

(b) चोरी का अपराध किया है

(c) आपराधिक न्यासभंग का अपराध किया है

(d) छल करने का अपराध किया है

146. सरल डाक प्रेषक प्रबंध (SMTP) का प्रयोग किसमें होता है ?

(a) इंटरनेट के माध्यम से संचिका अंतरण

(b) इंटरनेट विचरण

(c) खोज इंजन का प्रयोग करना

(d) ई-मेल संचार

147. ई-मेल संचार में, बारंबार उपयोग किए गए ई-मेल आईडी का किसका उपयोग कर सुरक्षण कर सकते हैं ?

(a) जिन वेब पृष्ठों पर गए हों, उनका इतिहास

(b) फेवरिट्स

(c) पता पुस्तिका

(d) संचिका सुरक्षण

148. इंटरनेट से आंकड़ों की पुन:प्राप्ति और ई-मेल से संचार कुछ नियमों का अनुसरण करते हैं, जो कहलाते हैं :

(a) हाइपरलिंक्स

(b) हाइपरटैक्स

(c) डाक संलग्नक

(d) प्रोटोकॉल

149. वेब पृष्ठ क्या है ?

(a) शब्द प्रलेख

(b) एच टी एम एल प्रलेख

(c) पाठ संपादक में तैयार संचिका

(d) वर्डपैड प्रलेख

150. मॉडम एक युक्ति है जो परिवर्तित करती है :

(a) केवल अनुरूप संकेत को अंकीय संकेत में

(b) अंकीय संकेत को अनुरूप संकेत में और अनुरूप संकेत को अंकीय संकेत में

(c) केवल अंकीय संकेत को अनुरूप संकेत में

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे कार्य के लिये

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **B–DJTG–N–GAIPS**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता, बुद्धिमत्ता एवं वृत्तिक कौशल

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट*

*पूर्णांक : 300*

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका सीरिज कोड A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं हैं।
11. इस परीक्षण पुस्तिका में **दो भाग हैं। भाग-A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं। **भाग-B वृत्तिक कौशलों** के विषय में है जिसमें **75** प्रश्न हैं। इन सभी **150** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.